# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 19 अगस्त, 2022

## देश  का पहला हर घर जल राज्य तथा केंद्रशासित प्रदेश

**गोवा वर्ष 2020 में हर घर जल प्रमाणित देश का पहला राज्य** बन गया था, जबकि हाल ही में **दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव को हर घर जल प्रमाणित देश का पहला केंद्रशासित प्रदेश** घोषित किया गया है। इस राज्य और केंद्रशासित प्रदेश में सभी गाँवों ने ग्रामसभा की ओर से पारित एक प्रस्ताव के जरिये स्वयं को हर घर जल ग्राम घोषित किया है। गोवा के सभी दो लाख 63 हज़ार ग्रामीण परिवारों और दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन और दीव के 85 हज़ार से ज़्यादा परिवारों को अब नल के जरिये स्वच्छ एवं सुरक्षित पेय जल प्राप्त हो रहा है। जलशक्ति मंत्रालय ने एक वक्तव्य में बताया कि कोविड 19 महामारी की अनेक चुनौतियों तथा बाधाओं के बावजूद पंचायत प्रतिनिधियों, पानी समितियों, ज़िला तथा राज्य और केंद्रशासित प्रदेश के अधिकारियों के अथक प्रयासों से हर घर जल का अभियान सफल हुआ है, यह अभियान जल जीवन मिशन का हिस्सा है। सभी स्कूलों, आँगनबाड़ी केंद्रों , ग्राम-पंचायत भवनों, स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक केंद्रों तथा अन्य सरकारी कार्यालयों में नल के जरिये पेयजल प्राप्त हो रहा है। जल जीवन मिशन वर्ष 2019 में लॉन्च किया गया यह मिशन वर्ष 2024 तक 'कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन' (FHTC) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर जल की आपूर्ति की परिकल्पना करता है। जल जीवन मिशन का उद्देश्य जल को आंदोलन के रूप में विकसित करना है, ताकि इसे लोगों की प्राथमिकता बनाया जा सके। यह मिशन भारत सरकार के 'जल शक्ति मंत्रालय' के अंतर्गत क्रियान्वित हो रहा है।

## 'स्वच्छता पखवाड़ा '

कैबिनेट सचिवालय और **पेयजल एवं स्वच्छता विभाग** के निर्देशानुसार **कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (MCA) 16 से 31 अगस्त, 2022 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा'** का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम के तहत MCA में **स्वच्छता शपथ** का आयोजन किया तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के सचिव द्वारा शपथ दिलायी गई। इसके अलावा, स्वच्छता पखवाड़ा के हिस्से के रूप में मंत्रालय में इस अवधि के दौरान विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी **जैसे; फर्नीचर सहित बेकार और अनुपयोगी वस्तुओं का निपटान, पुरानी फाइलों और अभिलेखों की समीक्षा और निपटान, स्वच्छता पर वेबिनार, स्वच्छता पर निबंध प्रतियोगिता** आदि। इस अवधि में कॉरपोरेट कार्य महानिदेशक के तहत क्षेत्रीय कार्यालयों समेत मंत्रालय के विभिन्न वैधानिक प्राधिकरण तथा संबद्ध कार्यालय भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेंगे। **स्वच्छता पखवाड़ा अप्रैल, 2016** में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य **सभी सरकारी मंत्रालयों और विभागों को उनके अधिकार क्षेत्र में शामिल करके स्वच्छता के मुद्दों और प्रथाओं पर एक पखवाड़े का गहन ध्यान केंद्रित** करना था। स्वच्छता पखवाड़ा से संबद्ध गतिविधियों की योजना बनाने हेतु मंत्रालयों के बीच एक **वार्षिक कैलेंडर** भी परिचालित किया जाता है।

## आत्मनिरीक्षण: सशस्त्र बल न्यायाधिकरण '

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 20 अगस्त, 2022 को नई दिल्ली में सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (प्रिंसिपल बेंच) बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित **'आत्मनिरीक्षण: सशस्त्र बल न्यायाधिकरण'** पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करेंगे। संगोष्ठी का आयोजन **सशस्त्र बलों के सेवारत कर्मियों के अलावा भूतपूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और युद्ध-विधवाओं को त्वरित और सस्ता न्याय सुनिश्चित करने के लिये स्थापित सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के कामकाज** की जाँच हेतु किया जा रहा है। संगोष्ठी का उद्देश्य इसकी कार्यप्रणाली का विश्लेषण करना, किसी भी कमी के लिये उपाय सुझाना और त्वरित न्याय प्राप्त करने के दौरान वादियों की **समस्याओं एवं कठिनाइयों का समाधान** करना है। संगोष्ठी में रक्षा मंत्रालय, कानून और न्याय मंत्रालय और न्यायपालिका के वरिष्ठ अधिकारियों के भाग लेंगे। **यह सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के स्थापना दिवस समारोह के एक भाग के रूप में आयोजित किया जा रहा है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-19-august-2022